सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-231
04/05/2018

मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री स्व0 महावीर चौधरी की पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 04 मई 2018 :— राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व मंत्री स्व0 महावीर चौधरी की चौथी पुण्य तिथि के मौके पर महावीर चौधरी फाउण्डेशन द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा सह भजन संध्या कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा सह भजन संध्या कार्यक्रम में शामिल राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने स्व0 महावीर चौधरी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्व0 महावीर चौधरी स्मृति न्यास के ट्रस्टी डॉ0 अजीत प्रधान ने मुख्यमंत्री सहित आगत अतिथियों को पुष्प—गुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सबसे पहले स्व0 महावीर चौधरी की स्मृति को नमन करते हुये उनके चरणों मे अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ, जिनकी बिहार की राजनीति में अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि 8 बार विधायक और 2 बार मंत्री रहते हुए स्व0 महावीर चौधरी ने समाज के कमजोर तबकों एवं दलित समाज में जागृति लायी। शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किये गए कार्य काफी प्रशंसनीय हैं, जिन्होंने अपने परिजनों और अन्य लोगों को भी शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अब उनके पुत्र अशोक चौधरी स्व0 महावीर चौधरी के पदचिन्हों पर चलकर बिहार की राजनीति में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में अपने अध्यक्षीय काल में श्री अशोक चौधरी ने महती भूमिका निभाई, जिसका नतीजा हुआ कि विधानसभा के चुनाव में हमारी पार्टी की सीटिंग सीट भी कांग्रेस पार्टी की झोली में चली गयी लेकिन जिस कांग्रेस पार्टी को मजबूत कर श्री अशोक चौधरी ऊँचाई पर ले गये, उस पार्टी ने ही उन्हें छोड़ दिया और वे अब हमारे साथ हैं। उन्होंने कहा कि श्री अशोक चौधरी का शिक्षा मंत्री के रूप में भी कार्य सराहनीय रहा था। उन्होंने कहा कि अपने पिता की पुण्य तिथि के मौके पर श्री अशोक चौधरी श्रद्धांजलि सभा और भजन संध्या का कार्यक्रम न सिर्फ सांकेतिक रूप में करते हैं बल्कि सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों एवं संस्थाओं को ऐसे मौके पर सम्मानित करने का भी काम करते हैं, यह बहुत बड़ी बात है। श्री अशोक चौधरी को शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि अपने पिता के कामों को याद रखते हुए उस रास्ते पर आगे चलने की कोशिश करना प्रशंसनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार हाशिये पर खड़े लोगों की खिदमत करते हुए ऐसे लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में श्री अशोक चौधरी लगे रहें।

भजन संध्या कार्यक्रम की शुरुआत में छोटी बच्ची द्वारा कंठस्त किये गए श्रीमद्भागवत गीता का श्लोक उच्चारण किये जाने से प्रफुल्लित मुख्यमंत्री ने बच्ची को गुलदस्ता भेंटकर उसे आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन संस्थाओं के प्रतिनिधियों को महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह

भेंटकर सम्मानित किया। भजन गायक श्री सिद्धांत भाटिया द्वारा प्रस्तुत किये गए भजन गायन कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री सुरेश शर्मा, बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति श्री हारुन राशिद, कई विधायकगण, विधान पार्षदगण, अधिकारीगण एवं श्री अशोक चौधरी के परिजन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

******